# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

## श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः
## देवप्रयागः

# प्रथमच्छात्रावासदिवसः

**दिनाङ्कः – २२.०३.२०२५ तः २४.०३.२०२५ यावत्**



अध्यक्षः
**प्रो.श्रीनिवासवरखेड़ीवर्यः**
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली



संयोजकः
**प्रो.पी.वी.बी.सुब्रह्मण्यम्**
श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः,देवप्रयागः



छात्रावासाधिष्ठाता
**डॉ.ब्रह्मानन्दमिश्रः**
श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः,देवप्रयागः



क्रीडासंयोजकः
**श्री.हिमांशुबिन्जोला**
श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः,देवप्रयागः

@csudevprayag, @centralsanskrituniversity, Sanskrit.nic.in

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
# श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः

## प्रथमच्छात्रावासदिवसः

# FIRST HOSTEL DAY






@csudevprayag

दिनाङ्कः - 22/03/2025

# सूचना

## मुख्यालय

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56–57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

Central Sanskrit Universit
Established by an Act of Parliame
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be Unive
Under Ministry of Education, Govt. of In
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110

F.No-06/CSU/DSW/ Hostel /2024-25/526

दिनांक: 17.03.2025

सेवा में,

निदेशक महोदय,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
समस्त परिसर

विषय- परिसर में छात्रावास दिवस मनाने के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

छात्र कल्याण विभाग की विशेष पहल पर और माननीय कुलपति महोदय की अनुशंसा पर प्रत्येक परिसर में छात्रावास दिवस (Hostel Day) मनाने का निर्णय लिया गया है। **प्रतियोगिता में केवल छात्र प्रतिभाग करेंगे व छात्रों द्वारा ही प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार का सम्मान व पुरस्कार सम्मिलित ना हो।** प्रतियोगिता ऐसे समय आयोजित की जाए की कक्षाएँ बाधित ना हो। छात्रावास दिवस को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक परिसर में निम्नलिखित गतिविधियाँ संचालित की जा सकती हैं-

1. सांस्कृतिक गतिविधियाँ- गायन, वादन, परम्परागत नृत्य, नाटक
2. परम्परागत क्रीडा गतिविधियाँ
3. रचनात्मक गतिविधियाँ- कविता, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, संस्कृत वी-लॉग
4. पुरस्कार- सर्वश्रेष्ठ कक्ष पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ हास्य पुरस्कार
5. मेमोरी वॉल और फोटो बूथ
6. कुकिंग प्रतियोगिता एवं फूड स्टाल- परम्परागत पाक-कला निर्माण प्रतियोगिता
7. मोटिवेशनल स्पीकर, कैरियर गाईडेन्स व्याख्यान

उक्त समस्त प्रतियोगिता माह मार्च 2025 के अन्तर्गत करनी है व प्रतियोगिता सांस्कृतिक व भारतीय संस्कृति मर्यादा तथा सामाजिक समरसता के अनुकूल हो, स्थानीय कला को महत्व दिया जाए। प्रतियोगिता सम्पादित करने हेतु छात्रावास अधिष्ठाता को निदेशित करने का कष्ट करें तथा साथ ही समस्त प्रतियोगिताओं में हुये **व्यय एवं छायाचित्र** को विभागीय ई-मेल dsw@csu.co.in पर प्रेषित करना अनिवार्य है।

भवदीय

(प्रो.मदन मोहन झा)
अधिष्ठाता
छात्र कल्याण/शैक्षणिक मा.

GENERAL ENQUIRY : 011-28520977, 28521994, 28524993, 28524995, 28525963, 28526175
VC : 28523949, REGISTRAR : 28520979, ADMIN : 28525978, EXAM : 28521258, N.F.S.E. : 35010261
MSP : 35011602, SCHEMES : 28520966, EMAIL : admin@csu.co.in, WEBSITE : www.sanskrit.nic.in

## परिसर

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY
Shri Raghunath Kirti Campus
Devprayag – 249301
Uttarakhand
A++ accredited

विकसितभारताय संस्कृतम्

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
श्री रघुनाथकीर्तिपरिसरः
देवप्रयागः – 249301
उत्तराखण्ड

20.03.2025

### सूचना

छात्र कल्याण अधिष्ठाता महोदय से प्राप्त सूचना एवं छात्रावास समिति के साथ मुख्य अधिष्ठाता के विचार विमर्श के उपरान्त छात्रावास समिति के द्वारा प्रदत्त अनुशंसाओं के आधार पर दिनांक 22.03.2025 एवं 23.03.2025 को परिसर में प्रथम छात्रावास दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर स्थानीय समिति के द्वारा निर्धारित प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा साथ ही वर्तमान में परिसर में प्रचलित क्रिकेट टोर्नमेंट को भी छात्रावास दिवस का ही अंग माना जायेगा।

Prof. P V B Subrahmanyam
Director


Mobile – 7217080118 E.mail – director-devprayag@csu.co.in web – http://csu-devprayag.edu.in

# परिचय


22/03/2025 से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्त्ति परिसर देवप्रयाग में प्रथम छात्रावास दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारम्भ किया गया। यह दिवस तीन दिनों तक मनाया गया। इस दौरान परिसर में शैक्षिक, सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में निदेशक प्रो. पी. वी. बी. सुब्रह्मण्यम व प्रो. चन्द्रकला आर. कोंडी उपस्थित रहे। मंगलवार 24/03/2025 को कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में वेद विभागीय प्रो. मनोज कुमार मिश्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में क्रीडाध्यापक श्री हिमांशु बिंजोला, श्री रजत गौतम छेत्री, डॉ सुरेश शर्मा, श्री अमन्द मिश्रा, श्री अंकुर वत्स, डॉ सोमेश बहुगुणा, डॉ वीरेन्द्र बर्त्वाल, डॉ सच्चिदानन्द स्नेही, डॉ ब्रह्मानन्द मिश्रा, डॉ राधे किशोरी, डॉ रश्मिता, डॉ सुमन रावत, डॉ पायल पाठक आदि उपस्थित रहे व कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

- **कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण।**

| | | |
|---|---|---|
| मल्लयुद्ध | रस्सा कस्सी | रंगोली |
| प्रश्नोत्तरी | शतरंज | चित्रकला |
| लेमन रेस (पुरुष व महिला) | म्यूज़ीकल चेयर (पुरुष व महिला) | क्रिकेट |
| वॉलीबॉल | एकल नृत्य | समूह नृत्य |
| एकल गीत | पारम्परिक वेशभूषा | |



# मल्लयुद्ध



इस क्रीड़ा को क्रीड़कों के भार के अनुसार करवाया गया।
इस में तीन भार वर्ग थे।

- 50 कि० के विजेता **गगन पाण्डे** व उपविजेता **रूद्रेश** रहे।
- 57 कि० के विजेता **पीयूष पाण्डे** व उपविजेता **जनार्दन तिवारी** रहे।
- 60 कि० के विजेता **मुकुल शर्मा** व उपविजेता **आदित्य भंडारी** रहे।











# रस्सा कस्सी

रस्सा कस्सी की प्रतियोगिता को दो प्रारूपों में आयोजित किया गया। पहले प्रारूप में छात्राओं के मध्य संघर्ष देखने को मिला। छात्राओं में विजेता **गार्गी दल** व उपविजेता **लक्ष्मीबाई दल** रहा।

दूसरे प्रारूप में छात्रों के मध्य संघर्ष देखने को मिला। छात्रों में विजेता **पराशर दल** तथा उपविजेता **राणा सांगा** दल रहा।













# रंगोली



रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23/03/2025 को हुआ। इस प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगो द्वारा डिजाइन बनाए गए। यह प्रतियोगिता प्रातः काल १० बजे प्रारम्भ हुई । इस रंगोली प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा सामाजिक व सांस्कृतिक डिज़ाइन प्रस्तुत किए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान **मीनाक्षी**, द्वितीय स्थान **मोनिका** ने प्राप्त किया।












# प्रश्नोत्तरी



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारुप में बालक और बालिकाओं ने मिश्रित रुप से दल बनाकर भाग ग्रहण किया। इस प्रतियोगिता से छात्रों के बौद्धिक विकास की जानकारी प्राप्त हुई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान **कालिदास दल** ने, द्वितीय स्थान **अशोक दल** ने, तथा तृतीय स्थान **शिवाजी दल** ने प्राप्त किया।

# शतरंज प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में १२ प्रतिभागियों ने भाग ग्रहण किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों की रणनीतिक सोच और कौशल का प्रदर्शन करना था, साथ ही शतरंज समुदाय के भीतर सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता के विजेता **धीरज कुमार** व उपविजेता **भीष्म शर्मा** रहे। यह प्रतियोगिता नॉकआउट तौर पर खेली गई।













# चित्रकला



इस कार्यक्रम में कई छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर चित्र बनाने का अवसर दिया गया, जिनमें प्रकृति, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, आध्यात्मिकता आदि प्रमुख थे। सभी छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता न केवल उनकी कल्पनाशक्ति को बढ़ावा देने में सहायक रही, बल्कि उनके आत्मविश्वास और कलात्मक कौशल को भी निखारने का कार्य किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान **बालकृष्ण**, द्वितीय स्थान **ज्योति**, तृतीय स्थान **ममता सुयाल** ने प्राप्त किया।









# लेमन रेस (पुरुष व महिला)

इस क्रीड़ा में एक चम्मच पर नींबू को रख कर उसे बिना गिराये एक निश्चित स्थान तक ले जाना होता है। महिलाओं में प्रथम स्थान **ममता,** द्वितीय स्थान **मीनाक्षी,** तृतीय स्थान **प्रियांशी,** ने प्राप्त किया। पुरुषों में प्रथम स्थान **सुमित सती**, द्वितीय स्थान **प्रशांत**, तृतीय स्थान **आदर्श पाण्डे** ने प्राप्त किया।







# म्यूज़ीकल चेयर (पुरुष व महिला)

इस क्रीड़ा को दो प्रारुपों में करवाया गया। एक प्रारुप पुरुषों का व दूसरा प्रारुप महिलाओं का। महिलाओं में प्रथम स्थान **प्रियांशी**, द्वितीय स्थान **प्रो.गरिमा जायसवाल** (अतिथि) एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा, तृतीय स्थान **प्रभात शर्मा** ने प्राप्त किया। पुरुषों में प्रथम स्थान **सत्यम झा**, द्वितीय स्थान **चिराग शर्मा**, तृतीय स्थान **प्रशांत** ने प्राप्त किया।







# क्रिकेट क्रीडा (पट्टकन्दुकः)

यह प्रतियोगिता द्रोणाचार्य ११(शिक्षक) प्रति बद्रीज़ ११(शास्त्री द्वितीय) के मध्य सम्पन्न हुई। इस क्रीडा में ९ पुरुष व २ महिला खिलाड़यों का खेलना अनिवार्य था। इस क्रीडा के विजेता बद्रीज़ ११ व उपविजेता द्रोणाचार्य ११ रहे। जीत का अन्तर १८ रन रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (सर्वश्रेष्ठः क्रीडकः) अमन भट्ट रहे। तृतीय स्थान **लियोज़ ११** ने प्राप्त किया।

**संस्कृत क्रिकेटशब्दावली**

https://archive.org/details/20250401_20250401_0935












# वॉलीबॉल

छात्रावास दिवस में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों और दर्शकों को एक रोमांचक अनुभव प्रदान किया। इस टूर्नामेंट में विभिन्न कक्षाओं के दलों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी बेहतरीन खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। यह न केवल खेल कौशल के प्रदर्शन का मंच था, बल्कि दल भावना और सहयोग का भी उत्कृष्ट उदाहरण था। इस प्रतियोगिता के विजेता **योद्धा दल** तथा उपविजेता **सेनापति दल** रहा।











# एकल नृत्य





इस प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने समग्र रुप से भाग ग्रहण किया। प्रतिभागियों को प्रस्तुति के लिए ५ निमेष का समय दिया गया, जिसका उन्होंने उचित प्रयोग कर अपनी प्रस्तुति को पूर्ण किया। इसमें प्रथम स्थान **जिया** ने, द्वितीय स्थान **ख्याति** ने, व तृतीय स्थान **ज्योति** ने प्राप्त किया।









# समूह नृत्य

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग में दिनांक 24 मार्च 2025 को समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और सहयोग भावना को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति उत्साह को प्रदर्शित करता है। समूह नृत्य में **मोनिका, मेघा, अक्षिता, राधिका, पूर्वी और ममता के दल** ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा **जिया, उन्नति के दल** नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया।









# एकल गीत

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्त्ति परिसर देवप्रयाग में आयोजित एकल गीत प्रतियोगिता एक सफल और प्रेरणादायक कार्यक्रम था, जिसने युवाओं के संगीत कौशल को उजागर करने का एक मंच प्रदान किया। यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिभा का प्रदर्शन थी बल्कि साथ ही संगीत के प्रति प्रेम और जुनून को भी बढ़ावा दिया। एकल गीत में प्रथम स्थान **मोनिका नौगाईं**, द्वितीय स्थान **राजशेखर विभूति**, तृतीय स्थान **पीयूष पांडे** ने प्राप्त किया।













# पारम्परिक वेशभूषा



इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं द्वारा भारत के भिन्न भिन्न राज्यों व क्षेत्रों की वेशभूषा व संस्कृति को बहुत ही मनोरम व सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में भारत की अनेकता में एकता की झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान **अर्चना नौडियाल** व **प्रियांशी** ने, द्वितीय स्थान **ज्योति** ने, तृतीय स्थान **सीमा पनेरु** ने प्राप्त किया।











# चित्र























# निष्कर्ष

छात्रावास दिवस समारोह 22 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस समारोह में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनन्द लिया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि [प्रो. पी. वी. बी. सुब्रह्मण्यम] द्वारा किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएँ, और अन्य रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गई। छात्रों ने गायन, नृत्य, रंगोली और चित्रकला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, वॉलीबॉल, मल्लयुद्ध, रस्साकस्सी आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। समापन समारोह 24 मार्च 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि [प्रो. मनोज कुमार मिश्र] ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी और अनुशासन की सराहना की। यह तीन दिवसीय आयोजन छात्रों के लिए यादगार अनुभव रहा और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हुआ। अन्त में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस समारोह का समापन हुआ।

# समिति मंडल की सूची

| प्रतियोगिता | निर्णायक |
|---|---|
| मल्लयुद्ध | हर्षित, गिरीश |
| रस्सा कस्सी | सुमित, दिगम्बर |
| रंगोली | प्रभात देवी, आदित्य टोडरिया |
| प्रश्नोत्तरी | शिवानी, उर्मिला |
| शतरंज | रोहित, हार्दिक |
| चित्रकला | मोनिका नौगाई, कुशाग्र |
| लेमन रेस (पुरुष व महिला) | सुनील, मोहित |
| मंच संचालक | विशाल, शिवानी ठाकुर |

| प्रतियोगिता | निर्णायक |
|---|---|
| क्रिकेट | हिमान्शु, कृष्णकांत |
| वॉलीबॉल | आदित्य, आकाश |
| एकल नृत्य | शिवानी ठाकुर, रिषव |
| समूह नृत्य | उर्मिला,अनन्त |
| एकल गीत | मोनिका, प्रभात |
| पारम्परिक वेशभूषा | कशिश, सुधीर |
| म्यूज़ीकल चेयर (पुरुष व महिला) | साहिल(चार्ली ), शिवानी |
| मंच संयोजक | उर्मिला, अनिरुद्ध |

# निर्माण श्रेय



श्री हिमांशु बिंजोला
क्रीडाध्यापक

साहिल शर्मा (चार्ली)
परियोजना सहायक

धीरज कुमार
पुस्तकालय छात्र

सुनील गोदियाल
आचार्य द्वितीय वर्ष




## CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

56-57, Institutional Area, Janakpuri,
New Delhi-110058
**General Enquiry(E-PABX)** :
011-28524993, 011-28524995,
011-28520977, 011-28525963, 011-
28521994

## CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

**SHRI RAGHUNATH KIRTI CAMPUS, DEVPRAYAG**

www.csu-devprayag.edu.in

director devprayag[at]csu[dot]co[dot]in

01378-266028